

धारदार हथियार से हमला करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 27 मार्च, मऊगंज जिले के थाना लौर पुलिस ने गंभीर मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.

पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह तथा एसडीओपी मऊगंज श्रीमती सचि पाठक के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 नवंबर को फरियादी रामलाल साकेत उम्र 72 वर्ष निवासी ग्राम इटहा कला, थाना लौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी मोलई साकेत एवं उसके साथियों ने बाड़ी (खेत की मेड़) को लेकर विवाद के दौरान गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी.इस शिकायत पर थाना लौर में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध क्रमांक478/25 पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. जांच के दौरान मेडिकल रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि फरियादी को धारदार हथियार से गंभीर चोट पहुंचाई गई है, जिसके आधार पर प्रकरण में धारा 118(2) का इजाफा भी किया गया. घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था. पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी. इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 26 मार्च को मुख्य आरोपी मोलई साकेत उम्र 52 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है. पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूती मिली है और फरार आरोपियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है.

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोलई कुशवाहा का योगदान अविस्मरणीय रहेगा : शुक्ल

मानवता को निरोगी बनाने का एक मात्र साधन प्राकृतिक खेती ही है, जयंती समारोह एवं कृषक सम्मेलन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सेमरिया क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोलई कुशवाहा का स्वतंत्रता आंदोलन में दिया गया योगदान अविस्मरणीय रहेगा. उन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया.

ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बलिदान से प्रेरणा लेकर देश को आगे ले जाने में हम सभी को समवेत होना है. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोलई कुशवाहा के जयंती समारोह में आयोजित कृषक सम्मेलन में शामिल हुए. उन्होंने मोलई कुशवाहा की मूर्ति के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सौभाग्यशाली दिन है, क्योंकि आज भगवान राम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है साथ ही इस क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री मोलई कुशवाहा की जयंती है और आज ही कृषक सम्मेलन में प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लिया जा रहा है. स्वयं को एवं अपनी धरती माता को स्वस्थ रखने के लिए प्राकृतिक खेती आवश्यक है. किसान भाईयों को चाहिए कि वह उपलब्ध जमीन में से कुछ हिस्से में प्राकृतिक खेती करें. मानवता को निरोगी रखने का सही साधन प्राकृतिक खेती ही है. उन्होंने कुशवाहा समाज के लोगों से आह्वान किया कि वह प्राकृतिक खेती को अपनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें क्योंकि उनका कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में अग्रणी स्थान है. रीवा जिले के निवासी प्राकृतिक खेती को अपनाने में आगे आ रहे हैं. गौ माता धरती में जीती जागती देवी की स्वरूप हैं. इनके गोबर और गौमूत्र का उपयोग भगवान के पूजन में किया जाता है. गौ माता के गोबर से निर्मित खाद और कीटनाशक प्राकृतिक खेती के लिए लाभकारी है. श्री शुक्ल ने चौराहे में सम्राट अशोक की मूर्ति स्थापना किए जाने की बात भी कही. कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने कहा कि आज का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोलई कुशवाहा के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है. प्रदेश में इस वर्ष कृषक कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है. कृषक सम्मेलन में डॉ एलएम कुशवाहा, प्रदीप सोहगौरा, विमलेश कुशवाहा, राजेन्द्र वर्मा, त्रियुगीनारायण शुक्ल, डॉ राजकिशोर कुशवाहा, सरपंच गेंदाबाई कुशवाहा, अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे.

सिंधियत जो मेलो कल से

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 मार्च, कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में 29 एवं 30 मार्च को सिंधु यूथ विंग द्वारा दो दिवसीय 'सिंधियत जो मेलो' का आयोजन किया गया है.

जिसके अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शिक्षाप्रद और समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले और मातृशक्ति की आत्मनिर्भरता को लेकर व सांस्कृतिक चेतना की अलख जगाने के उद्देश्य से कई अद्भुत कार्यक्रम होंगे जिसमें देश-विदेश में ख्याति प्राप्त मुंबई, राजस्थान, इंदौर के कई बड़े कलाकारों का समागम राज कपूर ऑडिटोरियम में धमाकेदार म्यूजिकल इवेंट, रंगमंचीय नाट्य, हास्य के अनेक कार्यक्रम आयोजन रखा गया है. प्रथम चरण मे सिंधियत जो मेलो शाम 5:00 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक चलता रहेगा.

शादी का झांसा देकर 2 साल तक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 27 मार्च, मऊगंज जिले के थाना लौर क्षेत्र में शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार कर लिया है.

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में की गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 मार्च को थाना लौर क्षेत्र की एक 25 वर्षीय विवाहित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम पलिया दुबान निवासी राहुल साकेत ने उसे शादी का झांसा देकर करीब 2 वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाए. आरोपी महिला को शादी का भरोसा देकर अपने साथ हरियाणा भी ले गया. पीड़िता ने बताया कि इस दौरान उसे एक पुत्र का जन्म भी हुआ, लेकिन 2 मार्च 2026 को आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया और उसे गांव लाकर छोड़ दिया. इसके बाद पीड़िता ने थाना लौर में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर 26 मार्च को आरोपी राहुल साकेत उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है.

मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह व अन्य

मार्तंड सिंह को मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद ने बनाया प्रदेश प्रवक्ता

नवभारत न्यूज

कटरा, 27 मार्च, अखिल भारतीय पंचायत परिषद दिल्ली द्वारा मध्य प्रदेश की नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है.

जिसमें जिले के चुनरी त्योंथर के मार्तंड सिंह को मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है. बता दें कि यह संगठन पंचायत स्तर पर जनहित कार्यों को गति देने एवं पंचायत प्रतिनिधियों के हितों की रक्षा करता है. साथ ही ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वन की दिशा में सक्रिय भूमिका अदा करता है. श्री सिंह नेहरू युवा केंद्र में कार्य करते हुए जिले का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त किया था. श्री सिंह को प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गढी समीर सिंह, त्योंथर मंडल अध्यक्ष घनश्याम यादव, रायपुर सोनौरी मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच बेद प्रकाश मिश्रा, कटरा मंडल अध्यक्ष सावेद्र शर्मा, सरपंच राजेश सोनी, कटरा मंडल कार्यसमिति सदस्य शिवरतन नामदेव आदि ने हर्ष व्यक्त किया.

कलेक्टर को मांगों का ज्ञापन सौंपते जिला विकास संघर्ष परिषद के पदाधिकारी

श्रीराम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए गुढ़ विधायक

नवभारत न्यूज

गुढ़, 27 मार्च, रीवा जिले के डगरडुआ गढ़ तहसील मनगवां में नव निर्मित श्री राम जानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं सभा संपन्न हुई.

कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के सवायपुर जिला हरदोई विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर माधवेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ. कार्यक्रम में ब्रिगेडियर के.पी. सिंह, आनंद लाल सेखानी एवं उद्योगपति निधि सेखानी (सूरत) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. मंदिर में स्थापित मूर्तियों का दान विनोद बछावत एवं कुसुम बछावत (देहरादून) द्वारा किया गया. आयोजन सोमवंशी क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में संपन्न हुआ. इस अवसर पर नव निर्मित श्री राम दरबार मंदिर में विधिवत मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई. गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो लोग सुबह 11 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचे. उनके साथ भाजपा पदाधिकारी, वरिष्ठ नागरिक एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे. इस अवसर पर अनुराग सिंह तोमर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, राजपाल सिंह, गोविंद सिंह, डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. अमृता सिंह, भाजपा जिला मंत्री बाबूलाल यादव, मंडल अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, अरुण सिंह, अनिल सिंह, सौरभ सिंह मौजूद रहे.

पेट्रोल के लिए पम्पों में दूसरे दिन भी लगी रही भीड़

गुढ़, 27 मार्च, इस समय शहर सहित जिले भर में गैस सिलेंडर के बाद अब पेट्रोल के लिये लोगो को भटकना पड़ रहा है. पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाहों के बीच लोग पेट्रोल पम्पों में लाइन लगा रहे है. बुधवार-गुरूवार को तो लोग पम्पों में ड़टे रहे तो वही शुक्रवार को भी वाहनों की भीड़ देखी गई. कई लोग तो वाहनों की टंकियां फुल करवाते देखे गये तो कई बजट अनुसार पेट्रोल लेते देखे गये. जबकि प्रशासन का कहना है पर्याप्त पेट्रोल-डीजल है.

जिला विकास संघर्ष परिषद मऊगंज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा मांग पत्र

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 27 मार्च, पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार के मंत्री व मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल का प्रवास कार्यक्रम मऊगंज जिले में लंबे अर्से से नहीं होने से शासन की योजनाओं की समीक्षा व विकास कार्यों की कार्ययोजना लंबित है.

जनभावना के अनादर को दृष्टिगत रखते हुये जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक मांगपत्र जिला कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन को सौंपकर शीघ्र मऊगंज जिले में प्रभारी मंत्री का प्रवास कार्यक्रम सुनिश्चित किये जाने का आग्रह किया गया. उल्लेखनीय है कि, प्रभारी मंत्री का सार्वजनिक कार्यक्रम विगत 15 अगस्त 2025 को होने के उपरांत जिले में प्रभारी मंत्री की बैठक न होने से जिला विकास समिति के गठन के औचित्य पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है. मांग पत्र सौंपने वालों ने अपने मांगपत्र में यह भी आग्रह किया है कि, यदि प्रभारी मंत्री की अभिरूचि मऊगंज जिले के प्रभार पर न हो तो प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने मंत्रिपरिषद् के अन्य सदस्य को प्रभार सौंपकर मऊगंज जिले के विकास योजनाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करवायें. मांग पत्र सौंपने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी व प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोशिएसन जिला इकाई मऊगंज के अध्यक्ष कर्दम ऋषि, महासचिव वाई.एन. द्विवेदी, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष कृष्णेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता जनार्दन प्रसाद पाण्डेय, एड. जे.पी. पाण्डेय, विद्याधर मिश्रा पैपखार, देवी प्रसाद पाण्डेय शामिल रहे. कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही प्रभारी मंत्री की प्रशासनिक बैठक मऊगंज जिला मुख्यालय में आहुत की जायेगी.

नशीले पदार्थों के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान चलाएं

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 27 मार्च, मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए. मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था की कड़ी निगरानी करें.

सभी एसपी जोनल प्लान तैयार करके 31 मार्च तक प्रस्तुत कर दें. नशीले पदार्थों के विरूद्ध अभियान चलाने के साथ-साथ जन जागरूकता अभियान चलाएं. एनकोर समिति की हर महीने बैठक करके कार्यवाही विवरण पोर्टल पर दर्ज कराएं. सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण कराएं. अविवादित नामांतरण तथा बटवारा के प्रकरण समय सीमा में निराकृत करें. सभी जिले निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व का संग्रहण कराएं. सागर, इंदौर, भोपाल और जबलपुर जिले इस पर विशेष ध्यान दें. स्वामित्व योजना में शेष लंबित प्रकरणों का निराकरण एक माह में कराएं. इस योजना में मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे है.बैठक में अधिकारियों को गेंहू उपार्जन की तैयारी, स्वरोजगार योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति, नरवाई प्रबंधन, अग्नि दुर्घटना से बचाव के उपाय, राहवीर योजना तथा प्रधानमंत्री दुर्घटना राहत योजना के संबंध में निर्देश दिए गए. वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय उपस्थित रहे.

रामनवमीं महोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

हनुमना, 27 मार्च, हनुमना नगर में रामनवमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ पूर्ण परंपरागत ढंग से मनाया गया.

जहां आचार्य जी के मंदिर लक्ष्मी नारायण मंदिर स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली तथा श्रीरामानुज आयुर्वेदिक औषधालय स्थित दिव्य श्री बैकुंठम में भगवान का प्राकट्य उत्सव मनाया गया. वहीं नगराराध्य श्रीहनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई. उल्लेखनीय है कि हनुमान जी की पवित्र नगरी हनुमान में हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का प्राकट्य उत्सव रामनवमी पर नगर के प्रत्येक प्रमुख मंदिरों में भगवान श्री राम का दोपहर 12:00 बजे प्राकट्य उत्सव मनाते हुए प्रसाद का वितरण किया गया. लोग दिन भर मंदिरों में दर्शन पूजन एवं प्रसाद ग्रहण हेतु आते रहे वही शाम 4:00 बजे से नगर आराध्य श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर परिसर से व्यापार मंडल की अगवाई में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें आगे आगे भगवान श्री राम का दिव्य रस चल रहा था उसके पीछे माता कौशल्या कैकेई एवं सुमित्रा जी का राज चल रहा था साथ ही तीसरे रथ में राम लक्ष्मण जानकी बने दिव्य पात्रों की इच्छा भी अपने आप में मन मोह रही थी. जगह-जगह लोगों ने आरती उतार कर अपने आप को धन्य समझते रहे. प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ लोकतंत्र सेनानी सरयू प्रसाद वैद्य परिवार ने भी अपनेश्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय के सामने भगवान की विधिवत पूजा अर्चना की. वैश्य महासम्मेलन के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, ज्योति गुप्ता, सीताराम केसरी आदि मौजूद रहे.

270 प्रकरणों में 1 करोड़ 54 लाख रुपए से अधिक की सहायता स्वीकृत

नवभारत न्यूज

सतना 27 मार्च। अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 से मार्च 2026) में 270 प्रकरणों में अब तक 1 करोड 54 लाख 42 हजार रूपये की सहायता स्वीकृत की गई है।

इस आशय की जानकारी अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी विकास सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में दी गई। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, जिला संयोजक डॉ. अरूण शुक्ला, समिति के सदस्य मुरानी सोनी, अभिनव त्रिपाठी, रामकलेश साकेत, कुलदीप सिंह, सहायक उप निरीक्षक मकरध्वज पाण्डेय, एडीपीओ हुकुमचन्द्र निरंजन, बृजेश अहिरवार उपस्थित थे। जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में बताया गया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक जिले में अत्याचार पीड़ितों के 270 प्रकरणों में अब तक 1 करोड 54 लाख 42 हजार रूपये की आर्थिक सहायता हितग्राहियों को स्वीकृत की गई है। जिसमें अनुसूचित जाति के 270 कुल पीडितों में 115 पीड़ितों को 91 लाख 42 हजार 500 रूपये और अनुसूचित जनजाति के 93 कुल पीडितों में से 22 पीडितों 16 लाख 25 हजार रूपये की राशि का भुगतान किया गया है। इसके अलावा वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति के 155 प्रकरण में 1 करोड 54 लाख 42 हजार रूपये एवं अनुसूचित जनजाति के 71 प्रकरण में 60 लाख 75 हजार रूपये का भुगतान आवंटन के अभाव में लंबित है।

चैत्र नवरात्रि में चैतन्य देवियों की झांकी के साथ नाटक, नृत्य एवं गायन की हुई मनमोहक प्रस्तुतियां

नवभारत न्यूज

सिरमौर 27 मार्च। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिरमौर सेवाकेंद्र द्वारा चैतन्य नव देवियों की झांकी का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नव देवियों के दिव्य स्वरूपों की सजीव झांकी प्रस्तुत की गईए जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही नाटकए नृत्य एवं गायन की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवन में सकारात्मक परिवर्तनए नशा मुक्ति एवं आत्मिक जागृति का सशक्त संदेश दिया गया। नशा मुक्ति नाटक की प्रस्तुति रोहण गुप्ता श्रेया गुप्ता अंजली गुप्ता ने दी।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बीके आकांक्षा बहन जी ने बताया कि नवरात्रि आत्मशुद्धि और शक्ति जागरण का पर्व है। राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में शांतिए सुख और आनंद का अनुभव कर सकता है। उन्होंने सभी को नशा मुक्त जीवन अपनानेए अपने संस्कारों में सुधार लाने तथा श्रेष्ठ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने आगे नवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए कहा कि नवरात्रि केवल देवी पूजन

या व्रत का पर्व नहींए बल्कि आत्मिक जागरणए शक्ति संचय और संस्कार परिवर्तन का दिव्य समय है। नव का अर्थ नया और श्रात्रिश् का अर्थ अज्ञान रूपी अंधकार है कृ अर्थात इन नौ दिनों में हम अपने भीतर के अज्ञान को समाप्त कर ज्ञान और शक्ति का प्रकाश जगाते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से नव देवियाँ हमारे भीतर की नौ शक्तियों कृ शांतिए शक्तिए प्रेमए ज्ञानए पवित्रताए आनंदए करुणाए साहस और सहनशीलता कृ का प्रतीक हैं। नवरात्रि का वास्तविक उद्देश्य इन दिव्य गुणों को अपने जीवन में धारण करना है।उन्होंने बताया कि उपवास का सही अर्थ केवल भोजन का त्याग नहींए बल्कि नकारात्मक विचारोंए बुरे संस्कारों और अवगुणों का त्याग है। जब मन शुद्ध और शांत होता हैए तब आत्मा अपनी वास्तविक शक्ति को अनुभव करती है।अंत में सभी को संदेश दिया गया कि राजयोग ध्यान के माध्यम से परमात्मा से जुड़कर हम अपने जीवन में आंतरिक शांतिए शक्ति और आनंद को अनुभव कर सकते हैं तथा अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकते हैं।